वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ0प्र0)

NAAC A+Grade

Wbe: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांकः 0529 / शैक्षणिक / 2025 दिनांकः 18.01.2025

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
2. समस्त निदेशक, विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर।
3. समस्त प्राचार्य / नोडल अधिकारी(SWAYAM), सम्बद्ध महाविद्याल, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
4. समस्त विषय संयोजक, अध्ययन परिषद, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।

विषयः SWAYAM कोर्सेज के क्रियान्वयन हेतु आयोजित कार्यशाला के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उच्च शिक्षा अनुभाग, उत्तर प्रदेश सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी विभिन्न शासनादेशों एवं दिशा निर्देशों के क्रम में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में SWAYAM कोर्सेज को सम्मिलित करने एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मा0 कुलपति महोदया की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन दिनांक 23.01.2025 को समय 11:00 बजे आर्य भट्ट सभागार, रज्जू भैया संस्थान, विश्वविद्यालय परिसर में किया गया है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ0 अंगना सेन गुप्ता, समन्वयक, SWAYAM, NPTEL लोकल चैप्टर, आई0 आई0 टी0, कानपुर होगी। कार्यशाला की रूपरेखा निम्नवत है:-

क्र.सं.	विवरण	समय
1.	आगमन एवं पंजीकरण	पूवान्हन 11:00 बजे से 11:30 तक
2.	उद्घाटन सत्र	पूवान्हन 11:30 बजे से 12:00 तक
3.	तकनीकी सत्र	दोपहर 12:00 बजे से अपरान्ह 2:00 तक
4.	प्रश्नोत्तरी सत्र	अपरान्हन 2:00 बजे से 2:30 तक
5.	समापन सत्र	अपरान्हन 2:30 बजे से 2:40 तक

अतः आप सभी से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यशाला में ससमय अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्त अधिकारी, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर।
2. समस्त सदस्य, एडवाइजरी कमेटी SWAYAM ।
3. समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक, राजकीय / अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालय को इस अनुरोध से प्रेषित कि कार्यशाला में विषय संयोजक एवं नोडल अधिकारी SWAYAM की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।
4. प्रो0 प्रमोद कुमार यादव, समन्वयक / नोडल अधिकारी SWAYAM एवं अन्य टीम सदस्य विश्वविद्यालय परिसर को इस आशय से प्रेषित कि कार्यशाला से संबंधित समस्त कार्यवाही / तैयारी कराना सुनिश्चित करें।
5. डॉ0 मनोज कुमार पाण्डेय, समन्वयक, एन.ई.पी., विश्वविद्यालय परिसर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के सज्ञानार्थ।
7. विश्वविद्यालय वेव मास्टर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना वि0वि0 वेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
8. नोटिस बोर्ड।

कुलसचिव
18/01/25